मध्य प्रदेश
Madhya Pradesh

पन्ना में खाद्य विभाग की छापामार कार्रवाई, 1000 लीटर नकली घी जब्त - Panna Food Department Raids

पन्ना। जिले में नकली घी बनाने के कारखाने में पुलिस एवं खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापा मार कर लगभग 1000 लीटर नकली घी बरामद किया है. नकली घी प्लास्टिक के 15-15 लीटर के लगभग 60 से 70 डिब्बे जब्त किए गए, जो नकली घी से भरे हुए थे. नकली घी बनाने का कारोबार कई दिनों से चल रहा था. नकली घी के साथ नकली घी बनाने की सामग्री भी जब्त की गई है. संयुक्त कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग एवं थाना कोतवाली पन्ना की पुलिस शामिल रही.

कैसे बनाते थे नकली घी

बता दें की इंद्रजीत गुप्ता नकली घी कारखाना संचालित ने बताया कि वह वनस्पति डालडा से नकली घी बनता था. जो सतना एवं अन्य बाहर के शहरों में बेचता था एवं नकली घी बनाने की सामग्री बांदा उत्तर प्रदेश से लाता था. उसने बताया कि यह नकली घी का कारोबार तकरीबन तीन से चार महीने से कर रहा है. बता दें कि पन्ना शहर में नकली घी की अभी तक की बड़ी खेप बरामद हुई है. जिसमें खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नकली घी की सैंपलिंग ली जा रही है, जो जांच के लिए लेबोरेटरी भेजी जाएगी.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/panna-food-department-raids-1000-liters-fake-ghee-recovered-in-panna-fake-ghee-business-mps24063004688